बीएसएनएल की जमशेदपुर में 1 लाख फाइबर इंटरनेट कनेक्शन लगाने की योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL)** ने जमशेदपुर में अगले तीन सालों में **1 लाख नए फाइबर इंटरनेट कनेक्शन लगाने का निर्णय** लिया है।

प्रमुख बिंदु

- वर्तमान में झारखंड में बीएसएनएल के **'फाइबर टू द होम' (FTTH)** इंटरनेट सर्विस के कुल 35,000 उपभोक्ता है, जिसमें से 17,000 उपभोक्ता केवल जमशेदपुर में हैं।
- **झारखंड सर्किल में BSNL 'फाइबर इंटरनेट सर्विस के कुल विकास में जमशेदपुर की हिस्सेदारी लगभग 45%** है। फलत: कंपनी का मुख्य फोकस जमशेदपुर है।
- **BSNL** ने जमशेदपुर व्यावसायिक क्षेत्र में आने वाले पूर्वी सिंहभूम से सटे तीन अन्य ज़िलों, यथा- सरायकेला, खरसांवां और पश्चिमी सिंहभूम में भी इस सेवा का विस्तार करने को फोकस कर रही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fiber-internet-connection-in-jamshedpur